# राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

## सावधि ऋण योजना - मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश

### सफलता की कहानी

| | |
|---|---|
| लाभार्थी का नाम | **श्री राजाराम** |
| जिला एवं राज्य | **मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश** |
| योजना का नाम | **सावधि ऋण योजना** |
| ऋण स्वीकृति का वर्ष | **2018** |
| ऋण राशि | **रू. 1,50,000/-** |
| गतिविधि /व्यवसाय | **किराना दुकान** |
| राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम | **उ.प्र.सहकारी ग्राम विकास बैंक लि.** |

यह सफलता की कहानी जमनावाला, पोस्ट-ठाकुरद्वारा, जिला-मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी **श्री राजाराम** की है। श्री राजाराम पिछड़ी जाति से संबंधित हैं। ऋण लेने से पूर्व लाभार्थी की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। वे बहुत ही मुश्किल से रू. 5000/- मासिक अर्जित कर पा रहे थे। खेती कम होने और खेती में काम की लागत बढ़ने के कारण पैसा बचा पाना बहुत मुश्किल हो रहा था और बच्चों की पढ़ाई, दवाई आदि जैसे खर्चों को सुचारू रूप से चलाना मुश्किल हो रहा था।

लाभार्थी को उ.प्र.सहकारी ग्राम विकास बैंक की फील्ड टीम द्वारा NBCFDC योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। श्री राजाराम को NBCFDC की योजनाएं अत्यंत आकर्षक एवं किफायती प्रतीत हुई अतः उन्होंने बैंक के नियम और शर्तों को स्वीकार करते हैं, NBCFDC की सावधि ऋण योजना के अंतर्गत 6% ब्याज दर पर रू. 1.5 लाख का ऋण दिनांक 08.06.18 को किराना दुकान के लिया प्रदान किया गया। श्री राजाराम बताते हैं कि उन्हें उ.प्र.सहकारी बैंक से ऋण सहायता प्रदान करने में बैंक के कर्मियों द्वारा बड़ी सहायता प्रदान की गई और उन्होंने ऋण सहायता के माध्यम आय बढ़ाने के लिए हमें बहुत अधिक प्रेरित किया है।

किराना दुकान खोलने के बाद लाभार्थी की आय पूर्व की तुलना में बढ़कर लगभग 12-13 हजार रूपए मासिक हो गई है। आय में वृद्धि के साथ-साथ समाज में भी लाभार्थी की प्रतिष्ठा बढ़ी है। अब उनके परिवार के रहन-सहन और बच्चों की शिक्षा भली-भाँति हो पा रही है। बैंक की किस्त भी समय पर दी जा रही है। वर्तमान में लाभार्थी अपनी कृषि भूमि में भी अधिक निवेश कर पाने में सक्षम हुआ है। इससे लाभार्थी उन्नति एवं विकास के पथ पर अग्रसर है।

श्री राजाराम और उनका परिवार NBCFDC की ऋण योजनाओं की सराहना करते हैं और बैंक के सहयोग के लिए उनका आभार भी व्यक्त करते हैं।